आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 29.05.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- गृह मंत्री अमित शाह ने कहा –कृत्रिम जनसांख्यिकीय बदलावों पर केंद्र की उच्च स्तरीय समिति इस मुद्दे से निपटने के लिए कानून की आवश्यकता का आकलन करेगी।
- दून विश्वविद्यालय में ब्रिक्स अकादमिक मिड–टर्म सम्मेलन में ब्रिक्स देशों और साझेदार देशों के बीच महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया गया।
- चारधाम यात्रा को लेकर हरिद्वार ऋषिकुल में ऑफ लाइन पंजीकरण की सुविधा शुरू।
- बागेश्वर में मानवाधिकार संरक्षण व सुशासन के संवेदनीकरण पर परिवादों की सुनवाई व जागरूकता कार्यक्रम जारी।

**गृह मंत्री अमित शाह**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अवैध घुसपैठ और अन्य अस्वाभाविक कारणों से होने वाले कृत्रिम जनसांख्यिकीय बदलावों की जांच के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति इस मुद्दे से निपटने के लिए कानून की आवश्यकता का आकलन करेगी। गांधीनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता वाली समिति एक वर्ष में अपनी रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे देश से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है।
घुसपैठिए को देश के बाहर निकालना, ये हमारी सरकार का संकल्प है और इसके लिए नरेन्द्र मोदी जी ने एक डेमोग्राफिक चेंज कमेटी बनाने का निर्णय किया है। ये हाई पावर कमेटी देशभर में जनसांख्यिकी का जो कृत्रिम बदलाव हुआ है उसके कारणों और उपायों की चिंता करेगी और इसके लिए कोई कानून बनाने की जरूरत है, तो इसकी भी चिंता करेगी।

ब्रिक्स अकादमिक

दून विश्वविद्यालय में आज ब्रिक्स अकादमिक मिड–टर्म सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भारत सहित ब्रिक्स देशों और साझेदार देशों के शिक्षाविद, नीति विशेषज्ञ, शोधकर्ताओं के साथ ही विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने वैश्विक चुनौतियों और सतत विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया। विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव व ब्रिक्स शेरपा शंभू एस. हक्की ने मुख्य ने ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को समय की आवश्यकता बताया। सम्मेलन के दौरान "खंडित वैश्विक अर्थव्यवस्था में हरित औद्योगिक परिवर्तन", "जैव विविधता व स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों का संरक्षण" और "हरित परिवर्तन के लिए जलवायु वित्त का विस्तार" जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। सत्र में विभिन्न देशों से आए विशेषज्ञों ने हरित विकास, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, वित्तीय सहयोग और सतत विकास के मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच ज्ञान, तकनीक, वित्त और नीति स्तर पर सहयोग को बढ़ाकर वैश्विक चुनौतियों का प्रभावी समाधान निकाला जा सकता है।

सम्मेलन में दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि दून विश्वविद्यालय के लिए यह आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राशन कार्ड

पौड़ी जिले में राशन कार्ड सत्यापन अभियान जारी है। खाद्य आपूर्ति विभाग सत्यापन में अपात्र पाए जा रहे लाभार्थियों के राशन कार्ड निरस्त कर रहा है। इसका उद्देश्य वास्तविक व पात्र परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अभियान के तहत नवीन सर्वे के दौरान अब तक कुल 7 हजार से अधिक राशन कार्ड निरस्त किए जा चुके हैं और इन राशन कार्डों में दर्ज 28 हजार 87 यूनिट हटा दी गई है।

जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि फरवरी 2026 तक संचालित अभियान में कुल 6,151 राशन कार्ड निरस्त किए गए थे, जिनमें 23,337 यूनिट शामिल थीं। बताया कि 28 अप्रैल से चल रहे नवीन सर्वे में भी बड़ी संख्या में अपात्र लाभार्थी चिन्हित किए गए हैं।

चारधाम

चारधाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पर्यटन विभाग ने हरिद्वार ऋषिकुल में ऑफ लाइन पंजीकरण की सुविधा शुरू की है। हरिद्वार के जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि पंजीकरण केंद्रों में अब तक 3 लाख 5 हजार 2 सौ से अधिक तीर्थ यात्री पंजीकरण करवा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि पंजीकरण केंद्र में यात्रियों की सुविधा के लिए 20 पंजीकरण काउंटर बनाए गए हैं, जिसमें विदेशी यात्रियों व बुजुर्ग यात्रियों के लिए अलग पंजीकरण काउंटर बनाया गया हैं, इसके साथ ही महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग–अलग पंजीकरण काउंटर बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा लिए पंजीकरण केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण स्टॉल के साथ ही सीसीटीवी कैमरे व पुलिस बल की की तैनाती भी की गई है। तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है।

कतर से चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालु निखिल देसाई ने पुलिस और प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की।

**जागरूकता कार्यक्रम**

बागेश्वर में उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से मानवाधिकार संरक्षण एवं सुशासन के संवेदनीकरण पर परिवादों की सुनवाई व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया है। कार्यक्रम का उद्देश्य मानवाधिकार, कानूनी सहायता, नशा उन्मूलन, बुजुर्ग अधिकार और सरकारी योजनाओं को लेकर लोगों को जागरूक करना है। पहले दिन करीब 120 समस्याएं दर्ज हुईं और 10 समस्याओं का निस्तारण किया गया। जागरूकता सत्र में रिटेनर अधिवक्ता त्रिलोक चंद्र जोशी ने निःशुल्क कानूनी सहायता, नालसा हेल्पलाइन 15100 और बुजुर्गों के अधिकारों की जानकारी दी। इसके अलावा अन्य विधिक जानकारियां भी दी गई।

उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरधर सिंह धर्मशक्तू ने कहा कि मानवाधिकार केवल कानूनी विषय नहीं बल्कि हर व्यक्ति के सम्मान और गरिमामय जीवन से जुड़ा विषय है।

**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की अध्यक्षता में देहरादून स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश मंत्री समूह और कोर कमेटी की बैठक हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में जनता और कार्यकर्ताओं की मेहनत से तीसरी बार जीत दर्ज करेंगी।

बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर भी मंथन हुआ।

बैठक में संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास को नई गति देने के संकल्प को और मजबूत बनाने पर भी विचार–विमर्श किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि जिन बूथों पर पिछले चुनावों में पार्टी को कम वोट मिले थे, वहां कोर कमेटी के सदस्य प्रवास करेंगे। वे स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।